परियोजना का नामः— रूद्रप्रयाग नगर हेतु जल शोधन संयत्र का निर्माण

## प्रतिवेदन
## (परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)
## जनपद — रूद्रप्रयाग।

रूद्रप्रयाग नगर चारधाम यात्रा के मुख्य मार्ग पर स्थित है। सेन्सेस 2011 के अनुसार नगर की आबादी 9313 है एवं नगर पालिका द्वारा अवगत कराये जाने के अनुसार नगर की फ्लोटिंग जनसंख्या लगभग प्रतिदिन 12000 है। डिजायन अवधि 30 वर्ष मानते हुए तहसील ग्रोथ रेट एवं पॉपुलेशन फॉरकास्टिंग हेतु निर्धारित विभिन्न मेथडों के अनुसार जनसंख्या आंकलित करने पर बेस इअर 2025, मिड इअर 2040 एवं डिजायन इअर 2055 हेतु नगर की जनसंख्या क्रमशः 25920, 31049 एवं 36179 आंकलित की गई है। रूद्रप्रयाग नगर में पूर्व निर्मित पेयजल योजना से आपूर्ति सुजुगी बगड़ गदेरे से होती है। यह योजना लगभग 35 वर्ष पूर्व निर्मित है। पूर्व निर्मित योजना के अनतर्गत 0.5 एम0एल0डी0 क्षमता की ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट 0.01 है0 वन भूमि पर निर्मित है। परन्तु निर्मित ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट की क्षमता वर्तमान जल मांग के अनुसार कम होने व अत्यधिक पुराना व जीर्ण—शीर्ण होने के कारण उपयोग में नहीं है। जिस कारण बरसाती दिनों एवं अन्य माहों में हल्की बरसात से ही नगर में मिट्टी युक्त गन्दे पानी की सप्लाई होती है। उक्त स्थान पर ही पूर्व निर्मित फिल्टर प्लाण्ट की क्षमता बढ़ाते हुए नई तकनीकि पर आधारित वाटर ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट निर्मित किया जाना है। जिस हेतु 25m X 25m + 16.00 X 16.00 कुल 0.09 है0 वन भूमि की आवश्यकता है। ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट निर्मित होने से उक्त श्रोत से आच्छादित होने वाली नगर की 65 प्रतिशत आबादी को शुद्ध जल की आपूर्ति होगी।

उपरोक्त फिल्टर प्लाण्ट तकनीकि कारणों से अन्य स्थल पर बनाया जाना सम्भव नहीं है। जिस कारण उक्त निर्माण हेतु प्रस्तावित कार्यस्थल के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं है एवं निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि न्यूनतम है। उक्त कार्यो हेतु आवश्यक वन भूमि हस्तान्तरण प्रपत्र संलग्न कर प्रेषित किए जा रहें है।

उप वन संरक्षक
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग
रूद्रप्रयाग

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण शाखा
अधिशासी अभियन्ता
उत्तराखण्ड पेयजल निगम
रूद्रप्रयाग

प्रारूप–1

परियोजना का नामः–     रूद्रप्रयाग नगर हेतु जल शोधन संयत्र का निर्माण कार्य।

## प्रतिवेदन

### (परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

### जनपद – रूद्रप्रयाग।

रूद्रप्रयाग नगर हेतु जलापूर्ति सुजुगी बगड़ गदेरे से होती है। अतः उक्त श्रोत पर पहले से निर्मित जल शोधन संयत्र जिसकी क्षमता वर्तमान जल मांग के अनुसार कम होने व अत्यधिक पुराना व जीर्ण–क्षीर्ण होने के कारण उपयोग में नहीं है।

अतः रूद्रप्रयाग नगर हेतु नए जल शोधन संयत्र का निर्माण आवश्यक है। जिस हेतु निम्न आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता है।

1. पूर्व निर्मित जल शोधन संयत्र जो 13 मी0 x 8 मी0 कुल 0.01 है0 वन भूमि पर निर्मित है।
2. नया 3.00 एम0एल0डी0 क्षमता का जल शोधन संयत्र जिसका निर्माण पूर्व निर्मित जल शोधन संयत्र के निकट 0.09 है0 वन भूमि पर प्रस्तावित है।

उपरोक्त नए फिल्टर प्लाण्ट (WTP) का निर्माण करने हेतु ही 0.09 है0 वन भूमि की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई स्थल उपलब्ध नहीं है।

उप वन संरक्षक
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग
रुद्रप्रयाग

ह0/–
प्रयोजना एजेन्सी
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण शाखा
उत्तराखण्ड पेयजल निगम
रुद्रप्रयाग